# सिद्धार्थनगर पुलिस

**प्रेस नोट दिनांक 10.04.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।**

**◆डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना।**

आज दिनांक 10.04.2026 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा पुलिस कार्यालय मे जनसुनवाई किया गया। जनसुनवाई के दौरान कुल 13 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें 03 भूमि विवाद, 02 मारपीट, तथा शेष 08 अन्य विवाद से सम्बन्धित थे। प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

**प्रेस नोट दिनांक 10.04.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।**

**◆आगामी त्यौहार डॉ0 भीम राव अम्बेडकर जयन्ती व परशुराम जयन्ती के थानाध्यक्ष मोहाना द्वारा थाना स्थानीय पर थानाक्षेत्र के संभ्रात व्यक्तियों/डी0जे0 धारकों के साथ की गयी पीस कमेटी की गोष्ठी।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 10/04/2026 को थानाध्यक्ष मोहाना जितेंद्र सिंह द्वारा आगामी त्यौहार डॉ0 भीम राव अम्बेडकर जयन्ती व परशुराम जयन्ती के दृष्टिगत थाना मोहाना पर थाना क्षेत्र के धर्मगुरुओं,मुर्ति स्थापाकों, जुलुस के आयोजको तथा सम्भ्रान्त व्यक्तियों के साथ पीस कमेटी की मीटिंग किया गया तथा उच्चाधिकारीगण महोदय द्वारा दिये गये आदेशों व निर्देशों से अवगत कराया गया।

## प्रेस नोट दिनांक 10.04.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण के तहत महिला थाना मिशन शक्ति टीम थाना क्षेत्र सिद्धार्थनगर के बाल शिक्षा सदन कन्या इण्टर कालेज बुद्ध नगर सिद्धार्थनगर की बालिकाओं/महिलाओं को महिला अपराध व उससे बचाव तथा साइबर अपराध सुरक्षा व विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों आदि के बारे में पम्पलेट वितरित कर जागरूक किया गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 10.04.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत शौरयान के कुशल नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक महिला थाना भाग्यवती पांडे थाना महिला जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण के तहत थाना क्षेत्र सिद्धार्थनगर के बाल शिक्षा सदन कन्या इण्टर कालेज बुद्ध नगर सिद्धार्थनगर में जनचौपाल लगाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति के संबंध में सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला सम्बन्धित विभिन्न सरकारी योजनाओं- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मीबाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, नारी शक्ति वंदन अधिनियम, मातृ शक्ति को सम्बल, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि अन्य योजनाओ से संबंधी जानकारी को बताया गया। तथा महिला संबंधी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन नम्बरों- 1090 वुमेन पावर लाइन,181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन,1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101अग्निशमन हेल्प लाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर के बारे में जानकारी दी गई तथा पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया गया।

**मिशन शक्ति टीम महिला थाना जनपद सिद्धार्थनगर-**

1. उ0नि0 रामनारायण शुक्ला
2. म0हे0का0 रीना रावत
3. म0पी0आर0डी0 सोनी
4. म0पी0आर0डी0 अनीता
5. म0पी0आर0डी0 गीता

# प्रेस नोट दिनांक 10.04.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण के तहत थाना भवानीगंज मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम जलालपुर की बालिकाओं/महिलाओं को महिला अपराध व उससे बचाव तथा साइबर अपराध सुरक्षा व विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों आदि के बारे में पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 10.04.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज बृजेश कुमार वर्मा तथा थानाध्यक्ष बृजेश सिंह थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण के तहत **थाना क्षेत्र के ग्राम जलालपुर** में जनचौपाल लगाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति के संबंध में सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला सम्बन्धित विभिन्न सरकारी योजनाओं- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मीबाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, नारी शक्ति वंदन अधिनियम, मातृ शक्ति को सम्बल, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि अन्य योजनाओ से संबंधी जानकारी को बताया गया। तथा महिला संबंधी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन नम्बरों- 1090 वुमेन पावर लाइन,181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन,1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101अग्निशमन हेल्प लाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर के बारे में जानकारी दी गई तथा पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर-**

1.उ0नि0 राम शब्द यादव

2.उ0नि0 शिव प्रकाश शुक्ला

3.का0 राघवेंद्र त्रिपाठी

4. म0आ0 उर्मिला

# प्रेस नोट दिनांक 10.04.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण के तहत थाना कठेला समय माता मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम मेहदानी की बालिकाओं/महिलाओं को महिला अपराध व उससे बचाव तथा साइबर अपराध सुरक्षा व विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों आदि के बारे में पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 10.04.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहतगढ़ के कुशल निर्देशन व अरुण कुमार प्रभारी निरीक्षक थाना कठेला समय माता जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण के तहत **थाना क्षेत्र के ग्राम मेहदानी** में जनचौपाल लगाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति के संबंध में सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला सम्बन्धित विभिन्न सरकारी योजनाओं- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मीबाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, नारी शक्ति वंदन अधिनियम, मातृ शक्ति को सम्बल, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि अन्य योजनाओ से संबंधी जानकारी को बताया गया। तथा महिला संबंधी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन नम्बरों- 1090 वुमेन पावर लाइन,181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन,1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101अग्निशमन हेल्प लाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर के बारे में जानकारी दी गई तथा पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना कठेला समय माता जनपद सिद्धार्थनगर-**

1. उ0नि0शिवशंकर शर्मा
2. हे0का0 कमलेश यादव
3. म0का0 रितिका त्रिपाठी
4. म0का0 करिश्मा

## प्रेस नोट दिनांक 10.04.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆थाना जोगिया उदयपुर पुलिस द्वारा 01 नफर वारंटी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में एवं अपर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त कुमार प्रसाद के निर्देशन व शुबेन्दु सिंह क्षेत्राधिकारी बांसी के कुशल पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष अभय सिंह थाना जोगिया उदयपुर के कुशल नेतृत्व में चलाये जा रहे वारण्टी की गिरफ्तारी अभियान मे आज दिनांक 10.04.2026 को थाना जोगिया उदयपुर पुलिस द्वारा वाद संख्या 2996/15 धारा 323/504 से सम्बन्धित 01 वारण्टी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार वारंटी का विवरण-**

1.रामू पुत्र चन्दे कुर्मी साकिन नवईला थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर

**गिरफ्तार करने वाली टीम विवरण-**

01. उ0नि0 रामशीला यादव थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर

02. का0 रिजवान अहमद थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर

# <u>प्रेस नोट दिनांक 10.04.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।</u>

**◆थाना उसका बाजार पुलिस द्वारा दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में हरेकृष्ण उपाध्याय प्रभारी निरीक्षक थाना उसका बाजार के नेतृत्व मे थाना उसका बाजार पुलिस द्वारा आज दिनांक 10.04.2026 को थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 45/2026 धारा 376 भा0द0वि0 व 3/4 पाक्सो एक्ट 3(2)V SC/ST ACT से सम्बन्धित 01 नफर अभियुक्त को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

01. अभियुक्त गुलाब पुत्र कृष्णमोहन साकिन मदनपुर थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

01.उ0नि0 रामप्रसाद थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर

02.का0 सोनू यादव उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर

# प्रेस नोट दिनांक 10.04.2026 जनपद सिद्धार्थनगर ।

**◆आगामी त्यौहार डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जयंती के दृष्टिगत थानाध्यक्ष गोल्हौरा द्वारा थाना स्थानीय पर थानाक्षेत्र के संभ्रात व्यक्तियों/डी0जे0 धारकों के साथ की गयी पीस कमेटी की गोष्ठी।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी इटवा पवीन प्रकाश के नेतृत्व में थानाध्यक्ष गोल्हौरा रामदेव द्वारा आज दिनांक 10.04.2026 को थाना स्थानीय पर आगामी त्यौहार डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जयंती के संबंध मे पीस कमेटी की मीटिंग आयोजित की गई तथा जयंती को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु थाना क्षेत्र के भिन्न भिन्न ग्रामो के आयोजकों ग्राम प्रधान, सम्भ्रान्त व्यक्तियो,ग्राम प्रहरी के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की गई, सभी को शान्तिपूर्ण, सौहार्दपूर्वक, को मनाये जाने की अपील की गयी । बैठक में मौजूद सभी व्यक्तियों से त्यौहार के दृष्टिगत शासन / उच्चाधिकारीगण द्वारा प्राप्त गाइडलाइन से अवगत कराया गया । शान्ति व्यवस्था को मुख्य रुप से विषयवस्तु बनाकर विस्तृत चर्चा किया गया,आदेश–निर्देश से अवगत कराया गया एवं उपस्थित सभी लोगों की समस्याओं को भी सुना गया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया ।

# प्रेस नोट दिनांक 10.04.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**■ डीआईजी बस्ती द्वारा 'मिशन शक्ति अभियान 5.0(द्वितीय चरण)’के तहत स्कूल के छात्र/छात्राओ को साइबर अपराध एवं महिला सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक।**

आज दिनांक 10.04.2026 को पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती श्री संजीव त्यागी द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0अभिषेक महाजन के साथ 'मिशन शक्ति' -फेज-5.0 (द्वितीय चरण)अभियान के अंतर्गत शिवपति स्नातकोत्तर महाविद्यालय शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर में आयोजित एक वृहद जागरूकता कार्यक्रम मे प्रतिभाग किया गया।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वर्तमान समय में बढ़ते साइबर अपराधों से सभी को अवगत कराना और आत्मरक्षा एवं कानूनी अधिकारों के प्रति महिलाओं को सशक्त बनाना है|

डीआईजी बस्ती द्वारा संबोधित करते हुए सभी महिलाओं व बालिकाओ को उनके अधिकारो तथा साइबर अपराध के प्रति जागरूक कर बताया गया कि प्रत्येक थाने पर महिलाओं, बालिकाओं की समस्याओं को सुनने व उसके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु मिशन शक्ति केंद्र की स्थापना की गयी है। डिजिटल युग में तकनीक के लाभ के साथ-साथ चुनौतियां भी बढ़ी हैं। छात्र / छात्राओं को डिजिटल अरेस्ट, सोशल मीडिया हैकिंग, और फिशिंग जैसे साइबर अपराधो के बारे मे जानकारी देते हुये सावधान रहने की सलाह दी। छात्राओं को इंटरनेट पर अनजान लिंक पर क्लिक न करने, अपने सोशल मीडिया अकाउंट को प्राइवेट रखने और किसी भी व्यक्ति को अपनी व्यक्तिगत जानकारी या OTP साझा न करने, आपातकालीन स्थिति में तत्काल सहायता प्राप्त करने हेतु सरकार द्वारा जारी महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों-1930,1090,112,1076,1098,108/102 आदि के बारे में विस्तार से बताया गया।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर श्री प्रशांत कुमार प्रसाद , क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ श्री मयंक द्विवेदी, प्रभारी निरीक्षक शोहरतगढ़ श्री नवीन कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक महिला थाना भाग्यवती पाण्डेय, कॉलेज प्रबंधन के पदाधिकारी, और भारी संख्या में छात्र/छात्राएं एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

# <u>प्रेस नोट दिनांक 10.04.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।</u>

**■ डीआईजी बस्ती द्वारा पुलिस अधिकारियों, सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों एवं कस्टम के साथ होटल आर. आर. पैलेस में ने पैलेस में समन्वय बैठक किया गया।**

**◆ संबन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश।**

आज दिनांक 10.04.2026 को पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती श्री संजीव त्यागी द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ. अभिषेक महाजन व कमाण्डेण्ट सीमा सुरक्षा बल श्री उज्जवल दत्ता, जनपद सिद्धार्थनगर के क्षेत्राधिकारी व बार्डर के थानो के प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष के साथ होटल आर.आर. पैलेस में समन्वय बैठक किया गया।

बैठक के दौरान मादक पादर्थो व विभिन्न प्रकार की तस्करी के तरीकों के सम्बन्ध मे अभिसूचनाओं के आदान-प्रदान, अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों का व्यपवर्तन तथा प्रतिबन्धित दवाओं का दुरुपयोग एवं तस्करी तथा नशामुक्ति के सम्बन्ध में आमजन को जागरुक करने, बार्डर पर गश्त/चेकिंग इत्यादि बिन्दुओं पर चर्चा की गयी तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्री प्रशांत कुमार प्रसाद, क्षेत्राधिकारी सदर/सहायक पुलिस अधीक्षक श्री विश्वजीत सौरयान, क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ श्री मयंक द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी बांसी श्री सुबेन्दु सिंह, क्षेत्राधिकारी इटवा श्री पवीन प्रकाश, क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज श्री बृजेश कुमार वर्मा, निरीक्षक कस्टम श्री कपूर सिंह, बार्डर के थानो के प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष सहित अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# प्रेस नोट दिनांक 10.04.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**■ डीआईजी बस्ती द्वारा क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ कार्यालय व थाना शोहरतगढ़ का किया गया आकस्मिक निरीक्षण।**

**■संबन्धित को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश।**

आज दिनांक 10.04.2026 को पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती श्री संजीव त्यागी द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ. अभिषेक महाजन के साथ क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ कार्यालय/पेशी तथा थाना शोहरतगढ़ का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

डीआईजी बस्ती द्वारा क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ कार्यालय के निरीक्षण के दौरान CCTNS/ई ऑफिस,पेशी कार्यालय व परिसर का भ्रमण किया गया|क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ कार्यालय का अपराध रजिस्टर, Z रजिस्टर, आर्डर बुक रजिस्टर,जांच प्रार्थना पत्र रजिस्टर, एस आर रजिस्टर,कार्य वितरण आदि का अवलोकन किया गया |

डीआईजी बस्ती द्वारा रजिस्टरों/अभिलेखों में प्रविष्टियाँ अद्यावधिक कराने , कार्यालय व परिसर की साफ़ सफाई प्रतिदिन कराने, लंबित प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण करने, आगंतुकों के साथ शिष्टाचारपूर्ण व्यवहार करने, लंबित अभियोगो के समयबद्ध निस्तारण करने,आरोप पत्र व अंतिम रिपोर्ट समय से न्यायालय में दाखिल कराने, शेष कर्मियों का I-Got प्रशिक्षण कराने, सर्किल के थानों से आधिकाधिक बहू बेटी सम्मेलन कराने, ऑपरेशन क्लीन, ऑपरेशन दहन के तहत नियमानुसार कार्यवाही कराने, ई-ऑफिस का आधिकाधिक उपयोग करने आदि हेतु निर्देशित किया गया |

तत्पश्चात डीआईजी बस्ती द्वारा थाना शोहरतगढ़ के थाना कार्यालय,मालखाना, साइबर हेल्पडेस्क, सीसीटीएनएस कार्यालय,बंदी गृह, आगन्तुक कक्ष, मिशन शक्ति केन्द्र ,थाना परिसर आदि का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। थाना कार्यालय के अभिलेखों का निरीक्षण कर सभी प्रविष्टियां अद्यावधिक करने , कार्यालय / थाना परिसर की साफ-सफाई प्रतिदिन कराने व लम्बित विवेचनाओं के समयबद्ध निस्तारण,वाछित अभियुक्तो की गिरफ्तारी तथा थाना परिसर में खड़े माल मुक़दमाती, लावारिस आदि वाहनों का निस्तारण ऑपेरशन क्लीन के तहत कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

निरीक्षण के दौरान मिशन शक्ति केंद्र का कार्य अच्छा पाया गया। मिशन शक्ति टीम के कार्यों से संतुष्ट होकर उन्हें पुरस्कृत किया गया।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर प्रशांत कुमार प्रसाद , क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ मयंक द्विवेदी, प्रभारी निरीक्षक शोहरतगढ़ नवीन कुमार सिंह,व पेशी/थाने के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# प्रेस नोट दिनांक 10.04.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार अम्बेडकर जंयती व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने सर्किल/ थाना क्षेत्रो में फ्लैग मार्च/पैदल गस्त किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 10.04.2026 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में समस्त क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष द्वारा आगामी त्यौहार अम्बेडकर जंयती व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिह्नित हॉट स्पाट पर एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में फ्लैग मार्च/पैदल गश्त किया जा रहा है तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी।